02.03

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

वित्त समिति की बैठक दिनांक 16.07.2026 का कार्यवृत्त

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय परिसर स्थित सभागार में दिनांक 16.07.2026 को अपराह्न 3.00 बजे वित्त समिति की बैठक आहूत की गयी, बैठक में उपस्थिति निम्न प्रकार रही–

1.	**प्रो0 विमला वाई** कुलपति माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर	अध्यक्ष
2.	**श्री अरूण कुमार सिन्हा (ऑनलाईन)** अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन प्रतिनिधि–वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन	सदस्य
3.	**डॉ0 इन्द्रदेव सिंह (ऑनलाईन)** क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी	सदस्य
4.	**प्रो0 डी0के0 मदान (ऑनलाईन)** पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला	सदस्य
5.	**श्री कमल कृष्ण** कुलसचिव माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर	सदस्य
6.	**डॉ0 राजीव कुमार** परीक्षा नियंत्रक माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर	सचिव
7.	**श्री सूरज कुमार** वित्त अधिकारी माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर	

वित्त समिति की बैठक में उपस्थित अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों का समिति के सचिव द्वारा स्वागत किया गया। बैठक में कार्यसूची के अनुसार निम्नवत् निर्णय लिये गये–

प्रस्ताव 01 गत बैठक दिनांक 09.06.2026 के कार्यवृत्त में अंकित बिन्दुओं के संबंध में कृत कार्यवाही की पुष्टि।

संस्तुति– **गत बैठक दिनांक 09.06.2026 के कार्यवृत्त में अंकित बिन्दुओं के सम्बन्ध में अनुपालन आख्या को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुपालन आख्या की पुष्टि की गयी।**

प्रस्ताव 02 दिनांक 04 मई, 2026 को कुलाधिपति महोदया की अध्यक्षता में आहूत ऑनलाईन बैठक में दिए गए निर्देशो के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों में Diagnostics on Wheel/ चिकित्सा संबंधी विषय में कार्य कराये जाने संबंधी प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत।

संस्तुति– **समिति द्वारा विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नवगठित विश्वविद्यालय होने के कारण अभी इस स्थिति में नहीं है कि Diagnostics on Wheel जैसी परियोजना पर अकेले व्यय कर सकें। विश्वविद्यालय स्वयं अधिकांशतः राजकीय अनुदानों पर निर्भर है। अतः इस परियोजना को पैतृक विश्वविद्यालय चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय के साथ सहभाजन के आधार पर चलाने पर विचार किया जा सकता है। इस व्यवस्था के समस्त पहलुओं का गहन परीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराने हेतु निम्नलिखित को सम्मिलित करते हुए एक समिति का गठन किए जाने की संस्तुति की गई–**

1. वित्त अधिकारी, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

2. वित्त अधिकारी या उनके प्रतिनिधि, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
3. अपर निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, सहारनपुर या उनके प्रतिनिधि
4. प्राचार्य, एस0एम0एम0एच0 कॉलेज, सहारनपुर
5. प्रो0 डी0के0 मदान, सदस्य, वित्त समिति
6. उप कुलसचिव/जैम बायर

प्रस्ताव 03 विश्वविद्यालय के छात्रावासों के लिए मैस पॉलिसी एवं शुल्क के निर्धारण संबंधी प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत।

संस्तुति– समिति द्वारा सर्वसम्मति से इस प्रयोजन हेतु एक समिति का गठन किए जाने की संस्तुति की गई तथा गठित समिति की संस्तुतियों को आगामी वित्त समिति की बैठक में प्रस्तुत किए जाने की संस्तुति की गई।

प्रस्ताव 04 विश्वविद्यालय परिसर में कैन्टीन सुविधा चालू करने संबंधी प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत।

संस्तुति– समिति द्वारा सर्वसम्मति से इस प्रयोजन हेतु एक समिति का गठन किए जाने की संस्तुति की गई तथा गठित समिति की संस्तुतियों को आगामी वित्त समिति की बैठक में प्रस्तुत किए जाने की संस्तुति की गई।

उक्त प्रस्ताव सं0–03 व 04 के साथ–साथ अतिथि–गृह में मैस सुविधा पर भी पॉलिसी बनाने एवं शुल्क निर्धारण हेतु निम्नलिखित को सम्मिलित करते हुए एक समिति का गठन किए जाने की संस्तुति की गई–

1. परीक्षा नियंत्रक
2. वित्त अधिकारी या उनके प्रतिनिधि
3. वार्डन महिला छात्रावास, गोचर महाविद्यालय, रामपुर मनिहारान, सहारनपुर
4. वार्डन पुरूष छात्रावास, गोचर महाविद्यालय, रामपुर मनिहारान, सहारनपुर
5. मुख्य वार्डन, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
6. उप कुलसचिव, प्रस्तुतकर्ता

प्रस्ताव 05 अध्यक्ष महोदया की अनुमति से पटल पर प्रस्तुत अन्य प्रस्ताव।

(1) वित्तीय वर्ष 2025–26 की बैलेंस–शीट विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

संस्तुति– समिति के समक्ष विश्वविद्यालय की वित्तीय वर्ष 2025–26 की बैलेंस–शीट प्रस्तुत करते हुए वित्त अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 का आय–व्यय का लेखा तैयार कर विश्वविद्यालय की चार्टर्ड एकाउंटेन्ट फर्म मै0 पंकज ए गोयल एण्ड कम्पनी द्वारा बैलेन्सशीट का सत्यापन कर लिया गया है, जो समिति के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है। कृपया समिति सहमति की दशा में मा0 कार्य परिषद के अनुमोदनार्थ अग्रसारित करना चाहे। सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से बैलेंस–शीट वर्ष 2025–26 को मा0 कार्यपरिषद के अनुमोदनार्थ प्रेषित करने की संस्तुति की गई।

अन्य कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ।

समिति के सभी सदस्यों के प्रति आभार एवं धन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

15.7.26
(सूरज कुमार)
सचिव, वित्त समिति
एवं
वित्त अधिकारी

प्रो0 (विमला वाई.)
अध्यक्ष, वित्त समिति
एवं
कुलपति